
**प्रकाश चन्द्र उपाध्याय**

**रा0उ0मा0वि0 खूनाबोरा(चम्पावत)**

**E mail- upadhyayprakash88@gmail.com**



Project Guide-

Title- शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में पैडलेट का उपयोग।

Problem Statement- ऑनलाइन शिक्षण में छात्रों की रुचि बनाए रखने तथा नीरसता को दूर करने हेतु नई–नई गतिविधियां निरंतर करना अत्यावश्यक है। विषय से संबंधित संबोध को इंटरएक्टिव बनाने हेतु हम छात्र–छात्राओं को निरंतर इंगेज रखने के लिए विभिन्न आईसीटी टूल्स का उपयोग करते हैं। इन टूल्स के माध्यम से छात्र लगातार एक्टिव रहते हैं तथा अधिगम प्रक्रिया अत्यधिक आसान हो जाती है।

Proposed Solution- छात्र–छात्राओं की नीरसता दूर करने तथा उनको लगातार इंगेज करने के लिए पैडलेट का उपयोग किया जाता है। पैडलेट एक आभासी, अनुकूलन योग्य बुलेटिन बोर्ड है, जिसके माध्यम से पाठ, चित्र, ऑडियो, वीडियो और लिंक भरे जा सकते हैं। पैडलेट एक बहुमुखी उपकरण है, जिसके कक्षा में कई अनुप्रयोग हो सकते हैं और यह शिक्षकों को ऑनलाइन शिक्षण में अत्यधिक मददगार साबित हो सकता है। पैडलेट के माध्यम से छात्र ऑनलाइन शिक्षण में तथा अभ्यास कार्य में शिक्षक के साथ रूबरू हो सकते हैं तथा अपनी सभी शंकाओं का समाधान भी कर सकते हैं। पैडलेट के माध्यम से शिक्षक एवं छात्र टेक्स्ट, इमेज तथा वीडियो आदि एक–दूसरे से साझा कर सकते हैं। पैडलेट के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन भी किया जा सकता है।

Tools/Technology Used- Padlet एक ऑनलाइन वर्चुअल प्लेटफार्म है, जो छात्रों एवं शिक्षकों को डिजिटल सामग्री तैयार करने एवं साझा करने हेतु अत्यधिक उपयोगी उपकरण है। इसके माध्यम से रियल टाइम में डिजिटल कैनवास पर टेक्स्ट, चित्र तथा वीडियो आदि का प्रयोग कर सकते हैं। पैडलेट के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन भी किया जा सकता है।

पैडलेट में विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ की जा सकती हैं, इस प्लेटफार्म के माध्यम से हम ऑनलाइन कक्षाओं को अत्यधिक रोचक और इंटरएक्टिव बना सकते हैं। पैडलेट मे ंहम निम्नलिखित प्रकार की गतिविधयों को संपादित कर सकते हैं–

1. डिस्कशन बोर्ड
2. क्लास एक्टिविटी क्रिएटर
3. लेसन प्लान
4. टाइमलाइन ऑफ इवेंट्स
5. मैप ऑफ हिस्टोरिकल इवेंट्स
6. एसेसमेंट पोल्स
7. रूब्रिक्स
8. पोल्स
9. फीडबैक
10. न्यूजलेटर


11. कैनवास
12. काम्प्लीमेंट बोर्ड
13. बर्थडे वाल

Step-by-step plan- पैडलेट में अपनी पैडलेट गतिविधियों को तैयार करने तथा पोस्ट करने एवं फीडबैक प्राप्त करने के लिए चरणवार निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाएंगे–

Step 1- सर्वप्रथम Padlet एप्लिकेशन को डाउनलोड किया जाएगा।


Step 2- उक्त एप्लिकेशन में सर्वप्रथम Sign Up किया जाएगा।

Step 3- इसके उपरांत अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड डालने के बाद लॉगिन किया जाएगा।





Step 4- एप्लिकेशन में विभिन्न प्रकार के अत्यधिक उपयोगी टेम्पलेट पहले से बने हुए हैं।


Step 5- इसके उपरांत Make a padlet में क्लिक करें।




Step 6- नया पैडलेट बनाने के लिए पहले से उपलब्ध फार्मेट में से अपनी आवश्यकतानुसार वाल, ग्रिड, टेबल या अन्य उपलब्ध फार्मेट को सेलेक्ट करें और टाइटल दें तथा Done में क्लिक करें।




Step 7- इसके उपरांत बटन में क्लिक करेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार फोटो, लिंक, वीडियो आदि अपने वॉल में एड कर सकते हैं।




Step 8- इसके उपरांत इसे एक कैप्शन दें। और Publish बटन में क्लिक करें।

Step 9- पब्लिश करने के उपरांत इसे लिंक या क्यू आर कोड के माध्यम से आप अपने छात्रों से शेयर कर सकते हैं।

Step 10- इस तैयार पैडलेट में आप विद्यार्थियों से रियल टाइम में रिस्पांस प्राप्त कर सकते हैं।

Step 11- शेयर लिंक को किसी भी ब्राउजर में ओपन किया जा सकता है।

Step 12- पैडलेट में विभिन्न प्रकार के विकल्पों का चयन कर अपनी सुविधा या आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज किया जा सकता है।

Learning Outcomes-
1. विभिन्न प्रकार की इंटरएक्टिव गतिविधियां तैयार की जाती हैं।
2. रियल टाइम में छात्रों का रिस्पांस लिया जा सकता है।
3. विद्यार्थी लगातार एक्टिव रहते हैं।
4. ऑनलाइन मूल्यांकन तथा आंकलन किया जा सकता है।
5. विचारों का आदान–प्रदान किया जाता है।

Link to Hackathon Theme/SDGs- *Digital tools for education.*

video link - https://youtu.be/mRmjubUkNeM